Baba’s Praise

16/3/2015

- बेहद के बाप द्वारा तुमको स्वर्ग में बेहद का सुख मिलता है।
- बाप तुम बच्चों को कितना सेन्सीबुल बनाते हैं। यह लक्ष्मी-नारायण सेन्सीबुल हैं ना।
- महिमा तो एक शिवबाबा की ही है। दुनिया में और किसकी महिमा है नहीं!
- मोस्ट बिलवेड बाबा मिला है। उन जैसी प्यारी चीज कोई होती नहीं।

- साधू-सन्त आदि जो भी हैं सब उस एक माशूक को याद करते हैं, सभी उनके आशिक हैं।

- तुम अभी जानते हो कि शिवबाबा हमको इन द्वारा पढ़ाते हैं। शिवबाबा को अपना शरीर तो है नहीं। वह है परम आत्मा। परम आत्मा माना परमात्मा। जिसका नाम है शिव।

- बाम्बे में बाबुरीनाथ का मन्दिर है, इस समय तुमको कांटों से फूल बनाते हैं। विश्व के मालिक बनते हो।

- पहली बात मुख्य यह है कि हम आत्माओं का बाप एक है, उनसे ही भारतवासियों को वर्सा मिलता है।

- बाप परम दु:ख से परम सुख में ले जाते हैं।

- बाप कहते हैं मैं आकर सर्व की सद्गति करता हूँ। सबको घर ले जाता हूँ।

- मेरी तो ज्योत जगी हुई है। मैं तुम्हारी ज्योत जगाता हूँ। बाप को शमा भी कहते हैं।

- अब बाप कहते हैं मैं तुमको गॉड-गॉडेज बनाता हूँ।

- अब तुम बच्चों को यह खुशी रहनी चाहिए कि बेहद का बाप ज्ञान का सागर हमको पढ़ा रहे हैं। मोस्ट बिलवेड माशूक है।

- हर बात में सर्जन से राय पूछते रहो। बाबा राय देंगे - ऐसे-ऐसे तोड़ निभाओ।